# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 22 जुलाई।** पेगासस सॉफ्टवेयर के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा विपक्ष के नेताओं, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों तथा मीडिया घरानों की जासूसी करने व निजता भंग करने के विरूद्ध तथा इस कृत्य की जाँच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में करवाने एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह को तत्काल पद से हटाने की माँग को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस द्वारा सिविल लाईन्स फाटक पर सभा कर राजभवन का घेराव किया गया।

सिविल लाईन्स फाटक पर विरोध प्रदर्शन में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अवैध रूप से देश के संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों, कार्यपालिका, विधायिका, मीडिया एवं न्यायपालिका से संबंधित व्यक्तियों के फोन हैक कर टेप किए जा रहे है तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा संविधान में लोगों को प्रदत्त निजता के अधिकार का हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश से किसानों की आय दुगुनी करने, युवाओं को रोजगार देने, आतंकवाद समाप्त करने, भ्रष्टाचार खत्म करने तथा विदेश नीति को सुदृढ़ करने का वायदा किया था, किन्तु सत्ता पर काबिज होने के पश्चात् प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जितने भी फैसले किए वे सभी पूर्व में किए गए वायदों से भिन्न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जनता से किए गए एक भी वायदे को पूरा नहीं किया, ना तो किसानों की आय दुगुनी करने का काम किया, ना चीन को लाल आँख दिखाई, ना ही प्रधानमंत्री जी ने युवाओं को दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने का वायदा पूरा किया, बल्कि इसके उलट नोटबंदी लागू कर देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुँचाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जीएसटी के गलत क्रियान्वयन करने से देश में व्यापार, धंधे चौपट हो गए। उन्होंने कहा कि सत्ता में आसीन होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने

पहला काम भारतीय जनता पार्टी के उन वरिष्ठों नेताओं जिनके कारण भाजपा सत्ता में आयी, को हाशिए पर धकेलने एवं घर बैठाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सेना के शौर्य के पीछे छिपकर दूसरी बार सत्ता में काबिज हुए, किन्तु जनता को जानकारी नहीं देते हैं कि चुनाव पूर्व किए गए वायदों में से कितने वादे पूरे किए। उन्होंने कहा कि इस बार सत्ता में काबिज होते ही प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसा कृत्य किया है जिसका उदाहरण इतिहास में नहीं मिलता। प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री शाह ने संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों, वरिष्ठ विपक्षी नेताओं, मीडिया के बड़े घरानों, न्यायपालिका, कार्यपालिका अथवा विधायिका से संबंधित व्यक्तियों की जासूसी करवाकर विश्व के सबसे बड़े जासूस होने का खिताब हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने देश के नागरिकों को जो संविधान प्रदत्त किया है उसमें स्पष्ट प्रावधान है कि जनता की निजता का हनन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान के तहत् निर्मित कानून स्पष्ट करते हैं कि जब तक राष्ट्र की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने का सवाल नहीं हो, किसी भी व्यक्ति का फोन टेप नहीं किया जा सकता, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने इजरायली कम्पनी से पेगासस साफ्टवेयर खरीदा व इसके माध्यम से पूरे देश में नेताओं, न्यायाधीशों एवं उनके कर्मचारियों व बड़े-बड़े मीडिया घरानों पर पहरेदारी बैठायी तथा उनके फोन हैक कर टेप करने एवं उनकी निजी बातों को सुनने का कार्य किया। आज भाजपा के मंत्री व नेता फोन टेप करने का खण्डन कर रहे है किन्तु वर्ष 2019 में लोकसभा में प्रश्न का जवाब देते हुए मोदी सरकार के मंत्री ने कहा था कि फोन टेप होने की शिकायत मिल रही है इसलिए इजरायली कम्पनी एनएसओ को सरकार नोटिस देगी। उन्होंने मोदी सरकार से प्रश्न किया कि केन्द्र सरकार यह स्पष्ट करें कि यदि पेगासस सॉफ्टवेयर सरकार के अतिरिक्त किसी को नहीं मिल सकता तथा प्रधानमंत्री मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के अतिरिक्त कोई इसे खरीद नहीं सकता तो केन्द्र सरकार किस अधिकार से केन्द्रीय मंत्रियों, भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी व उनके स्टाफ तथा तमाम मीडिया हाउसेस के फोन टेप कर रहे है? उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी बार-बार कहते हैं कि भाजपा से बड़ी झूठी पार्टी हो

नहीं सकती तथा मोदी एवं अमित शाह झूठों के बादशाह है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में हिटलरशाही से शासन चला रहे है वे ना तो अपनी पार्टी के नेताओं से पूछते हैं और ना ही दूसरों की सलाह स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि आर.एस.एस. के लोग शासन चला रहे है जो आजादी से पूर्व जब कांग्रेस और हमारे महान नेता देश को स्वतंत्र करवाने की लड़ाई लड़ रहे थे तब यह लोग अंग्रेजों की मुखबिरी करने का कार्य करते थे। उन्होंने कहा कि यही इनकी संस्कृति है तथा आर.एस.एस. द्वारा यही शिक्षा अपने कार्यकर्ताओं को दी जाती है जिस कारण देश में आर.एस.एस. के प्रति सम्मान नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि देश के महत्वपूर्ण लोगों के फोन टेप किए जाना कोई छोटी बात नहीं है बल्कि यह मुद्दा बहुत गम्भीर है, नेताओं की पारिवारिक निजी बातें टेप हो रही है, नेता अपनी पत्नी अथवा अपने नेता से क्या बात कर रहा है इसे टेप किया जाकर निजता को समाप्त किया गया है। उन्होंने कहा कि नेताओं के साथ उनके ओएसडी कर्मचारी भी केन्द्र की निगरानी में है, यह नीचता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है। कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों, नेताओं व अन्य पर ईडी, आयकर विभाग से छापे की  कार्यवाही करवाई जाती है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजनैतिक संकट उत्पन्न करने का प्रयास किया गया तो प्रदेश में ईडी एवं इंकम टैक्स विभाग द्वारा अनेक जगह छापे मारे गए, किंतु उनकी जाँच का क्या नतीजा निकला यह बताने वाला आज कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अब इन्हीं ईडी व आईटी विभाग का दुरूपयोग देश के उन मीडिया घरानों पर जो मोदी सरकार की वास्तविकता एवं सच्चाई जनता के समक्ष लाते हैं, पर रेड डालकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में लाखों लोगों की मृत्यु होना मोदी सरकार की विफलता का सबूत है। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर प्रारम्भ होते ही प्रधानमंत्री मोदी छुपकर बैठ गए थे। उन्होंने कहा कि जब भ्रष्टाचार करने का आरोप आर.एस.एस. के प्रमुख पदाधिकारी पर लगा तो वह भ्रष्टाचारी दिल्ली में अपने आकाओं की शरण में चले गए तथा जाँच में सहयोग नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा के आठ नेता मुख्यमंत्री बनने का सपना पाले हुए है लेकिन

जनता से जुड़ा एक भी मुद्दा नहीं उठाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रदेश में पानी सहित किसानों के मुद्दे पर एक शब्द नहीं बोलते। उन्होंने मोदी सरकार से प्रश्न करते हुए कहा कि क्या विदेशों से काला धन वापस आ गया? क्या केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार एवं आतंकवाद समाप्त कर सकी? उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बिना किसी संकोच एवं शर्म के भ्रष्टाचार कर रहे है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता आकण्ठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, पीएम-केयर फण्ड जिसकी ऑडिट नहीं हो सकती जनता के समक्ष हिसाब-किताब नहीं लाया जाएगा, उक्त कोष में देश की तमाम कम्पनियों का सीएसआर फण्ड का करोड़ों रुपया लिया गया लेकिन जनता के समक्ष इसका हिसाब नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश में बढ़ती महँगाई पर लगाम लगाने में असफल रही है जिसके परिणामस्वरूप गरीब की थाली से रोटी दूर हो गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार देश के नागरिकों को राहत प्रदान करने हेतु पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों को कम करने की चिंता करने की बजाए देश के नेताओं, संवैधानिक संस्थाओं में बैठे व्यक्तियों, मीडिया घरानों से जुड़े पत्रकारों के फोन टेप कर जासूसी करने का कार्य कर रही है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे वैसे ही राजनीतिक हाशिए पर पहुँच चुकी है किन्तु उनके ओएसडी का फोन टेप करना आश्चर्यजनक है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा श्रीमती सोनिया गाँधी एवं श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में आर.एस.एस. तथा भाजपा को जनता के समक्ष बेनकाब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा व आर.एस.एस. की सच्चाई जनता के सामने नहीं आएगी तब तक कांग्रेस पार्टी अपने अभियान को जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भ्रष्टाचार करने वाला आर.एस.एस. पदाधिकारी देश के किसी भी कोने में छिप जाएं उसे राजस्थान पुलिस की जाँच का सामना करना ही पड़ेगा तथा आरोपों को लेकर दूध का दूध व पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी में साहस है तो उनके किसी भी मामलें की जाँच करवा लें, लेकिन उक्त भ्रष्टाचार करने वाले आर.एस.एस. पदाधिकारी को राजस्थान लाकर पुलिस के समक्ष जाँच हेतु पेश करें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को किसान पुत्रों से नफरत है इसलिए उन्हें बदनाम करने का प्रयास कर रही है जबकि भाजपा के नेता स्वयं आकण्ठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुन्धरा राजे की जासूसी करवाकर भाजपा की पूर्ववर्ती सरकार को ही कठघरे में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जासूसी करवाकर अनैतिक कार्य किया है जिस कारण कांग्रेस कार्यकर्ता राजभवन का घेराव कर रहे है। उन्होंने कहा कि जीवन बार-बार नहीं मिलता है इसलिए इसका उपयोग सकारात्मक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार करने के उपरांत निर्लज्जता के साथ दिल्ली भागकर छिपने वाले आर.एस.एस. पदाधिकारी की तरह का आचरण ना तो वे स्वयं, ना ही कोई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता अपने जीवन में करेगा।

राजभवन के घेराव के कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री डॉ.बी.डी. कल्ला, डॉ. रघु शर्मा, श्री प्रतापसिंह खाचरियावास, श्री सुखराम बिश्नोई, श्री भंवर सिंह भाटी, श्रीमती ममता भूपेश, श्री भजनलाल जाटव, डॉ. सुभाष गर्ग, सरकारी मुख्य सचेतक डॉ. महेश जोशी, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गोविन्दराम मेघवाल, श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ, महासचिव एवं विधायक श्री हाकम अली, श्री राकेश पारीक, श्री प्रशान्त बैरवा, सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री जसवंत गुर्जर, श्री भूराराम सिरवी, श्री राजेन्द्र यादव, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री देशराज मीना, श्री फूलसिंह ओला, श्री जिया उर रहमान, श्री राजेन्द्र मूण्ड, श्री गजेन्द्र सिंह सांखला, श्रीमती प्रतिष्ठा यादव, श्री ललित यादव, युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं विधायक श्री गणेश घोगरा, कांग्रेस सेवादल प्रदेशाध्यक्ष श्री हेमसिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज, एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष श्री अभिषेक चौधरी, विधायक श्री खिलाड़ी लाल बैरवा, श्री संयम लोढ़ा, श्री महादेव सिंह खण्डेला, श्रीमती कृष्णा पूनियां, श्री अमर सिंह जाटव, श्री अमीन कागजी, श्री इन्द्राज गुर्जर, श्रीमती गंगा देवी, श्री रफीक खान, श्री अमित चाचाण, श्री गोपाल मीणा, श्री बाबूलाल नागर, जयपुर हैरिटेज नगर निगम महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, डॉ. कर्ण सिंह यादव, आरसीए अध्यक्ष श्री वैभव गहलोत, श्री मुमताज मसीह, श्री रामचन्द्र चौधरी, श्री महेश शर्मा, श्री मीनाक्षी चंद्रावत, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री जाकिर हुसैन गैसावत, श्री सीताराम अग्रवाल, श्रीमती रूक्षमणी कुमारी, श्री प्रताप पूनियां, श्री

आर.आर. तिवाड़ी, श्रीमती मंजू शर्मा, श्री आर.सी. चौधरी, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री जयदीप डूडी, श्री राजेश चौधरी, श्री सोहन ढिल सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

××××

# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**-जयपुर, 22 जुलाई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. श्री परसराम मदेरणा की जयन्ती के अवसर पर कल 23 जुलाई, 2021 को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर प्रातः 11.00 बजे पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ कांग्रेसजन, जयपुर शहर एवं जयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटियों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, अग्रिम संगठनों के निवर्तमान पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों व प्रकोष्ठों के निवर्तमान पदाधिकारीगणों सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे।

- - - -